प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.04.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- जयपुर में आज क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन–केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शिरकत करेंगे।

- राज्य सरकार ने सलूम्बर जिले में बुखार से पांच बच्चों की मृत्यु के मामले में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित कर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया देश में रोजाना 50 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे है।

- प्रदेश में कल से सक्रिय हुए नये पश्चिमी विक्षोभ का आज सबसे ज्यादा असर देखने को मिल सकता है–9 जिलों में बरसात का ऑरेंज और 16 जिलों में येलो अलर्ट।

जयपुर में आज क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कृषि पर पश्चिम क्षेत्र जोनल कॉन्फ्रेंस जयपुर में पहली बार हो रही है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि सम्मेलन में राज्य में अपनाइ गई सर्वोत्तम कृषि कार्य प्रणालियों पर प्रस्तुतिकरण दिया जायेगा। बूंद बूंद सिंचाई पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित पांच राज्यों के कृषि मंत्री, प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगें। सम्मेलन में देश में तिलहन उत्पादन में बढोतरी, खाद्य तेलों पर आयात निर्भरता में कमी लाने सहित अन्य विषयों पर भी विचार विमर्श किया जायेगा।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप–एसओजी ने बीएसटीसी प्री. डीएलएड भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 साल से फरार 12 वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा दिलवाने के नेटवर्क से जुड़े थे। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2019–20 में बीकानेर से आयोजित बीएसटीसी परीक्षा में धांधली सामने आई थी। काफी समय से इसकी जांच की जा रही थी। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने पैसे देकर अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाए थे। शिक्षा विभाग से प्राप्त दस्तावेज और एफएसएल जांच में हस्ताक्षर और लिखावट मेल नहीं खाने पर फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। एसओजी ने उदयपुर से 11 और भरतपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। ये आरोपी एसआई भर्ती परीक्षा–2025 देने के लिए पहुंचे थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार किया गया।

सलूम्बर जिले के दो गांवों में बुखार से पांच बच्चों की मौत के मामले में राज्य सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित कर गहन जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। इस टीम में उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को वस्तुस्थिति पर नजर रखने को कहा है। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने भी कल रात वी सी के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी ली। हमारे सलूम्बर संवाददाता ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में सघन स्क्रीनिंग की जा रही है। 16 संदिग्ध नमूनें जांच के लिए उदयपुर के एमबी अस्पताल भेजे गये है। चिकित्सकों का दल प्रभावित बच्चों की लगातार निगरानी कर रहा है।

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इसकी थीम ''टुगेदर फॉर हैल्थ स्टेण्ड विद साईंस'' रखी गई है। यह थीम स्वस्थ जीवन के लिए एकजुटता और वैज्ञानिक सहयोग की शक्ति को दर्शाती है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं और प्रदेशवासियों के स्वस्थ तथा खुशहाल जीवन की कामना की है। श्री खींवसर ने

कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य सबके लिए की नीति के साथ प्रदेश में गांव–ढाणी तक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है।

प्रदेश में 8वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को कानूनी जागरूकता, संवेधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी जायेगी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रालसा की ओर से ये अभियान चलाया जायेगा। रालसा के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि विद्यार्थियों को इसके तहत हर मंगलवार को कानूनी प्रावधान और अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। प्रदेश के करीब 1400 न्यायिक अधिकारी स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक करेंगे। आज से शुरू हो रहे युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत इस महीने साइबर सुरक्षा का पाठ पढाया जायेगा। विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिए स्कूलों में कोर्ट वाली दीदी नाम से विशेष शिकायत और सुझाव पेटियां लगाई जायेंगी। विद्यार्थी खुद से जुड़ी कोई भी शिकायत इसमें दे सकते हैं। इस बॉक्स को प्राधिकरण के स्तर पर खोलकर शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच आश्वासन दिया है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता कार्य विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि सरकार वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर नजर रख रही है। उधर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन लगभग पचास लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए विपक्षी सदस्यों द्वारा लाए गए प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। राज्यसभा सचिवालय और लोकसभा सचिवालय ने अलग–अलग जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्ताव पर विधिवत विचार और सभी संबंधित पहलुओं के निष्पक्ष आकलन के बाद, राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को मंजूर करने से मना कर दिया। यह पहली बार है जब विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव रखा था।

प्रदेश में कल से सक्रिय हुए नये पश्चिमी विक्षोभ का आज सबसे ज्यादा असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने 9 जिलों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट और 16 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने और गरज के साथ तेज बारिश होने का अनुमान है। इस बीच पाली, नागौर, भीलवाडा, चूरू सहित कई स्थानों पर हल्की और तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। भीलवाडा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में अल सुबह मूसलाधार बारिश हुई।

अजमेर, बारां, जैसलमेर, बाडमेर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़ और करौली में भी तेज हवाओं और हल्की बारिश का सिलसिला बना हुआ है। राजधानी जयपुर में भी बूंदाबांदी हो रही है। वहीं कल चूरू और श्रीगंगानगर में भी हवायें चली और हल्की बरसात हुई। पश्चिमी विक्षोभ का असर कल भी बना रहेगा। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बेमौसम की इस बारिश ने किसानों की चिंता बढा दी है। इस बरसात से खडी और कटी फसलो को काफी नुकसान पंहुचने की आशंका है।